बच्चों के लिए आया नया बीमा प्लान

▶ रिलायंस एजुकेशन प्लान में मैच्योरिटी के लिए दिए गए हैं चार विकल्प

नई दिल्ली (वार्ता)। निजी बीमा कंपनी रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस ने बच्चों के लिए नया चाइल्ड प्लान 'रिलायंस एजुकेशन प्लान' पेश किया है। कंपनी ने कहा कि 20 साल से 50 साल की उम्र के अभिभावक अपने बच्चे की जन्म से 18 साल की उम्र तक इस प्लान का लाभ ले सकते हैं तथा इसके तहत एकमुश्त भुगतान की सुविधा भी है।

इस प्लान के तहत अभिभावक की मृत्यु की स्थिति में बिना किसी प्रीमियम के मृत्यु लाभ के रूप में 50 प्रतिशत राशि एकमुश्त देय होगी तथा इसके बाद 10 साल तक सालाना आय की सुविधा भी दी जाएगी। कंपनी के मुख्य एजेंसी अधिकारी मनोरंजन साहू ने कहा, 'बच्चे की पढ़ाई और उसके करियर की योजना बनाने के लिए अभिभावकों को बहुत बचत करनी पड़ती है और बड़ी मात्रा में राशि खर्च करनी पड़ती है। हमने एक ऐसे उत्पाद की आवश्यकता महसूस की जो बच्चों के भविष्य की योजना बनाने में मददगार हो और साथ ही उन्हें सही करियर विकल्प चुनने में मदद करे। रिलायंस एजुकेशन प्लान बच्चे के भविष्य को सुरक्षित करता है।"

इस प्लान के तहत परिपक्वता पर चार विकल्प उपलब्ध हैं जिसे बच्चे की शैक्षणिक जरूरतों के आधार पर चयन किया जा सकता है। बीमाधारक पोस्ट ग्रेजुएशन के लिए दो किस्तों में भी भुगतान ले सकेंगे जबकि किसी पेशेवर डिग्री के मामले में चार किश्तों के विकल्प भी होगा। इसके अलावा पांच किश्तों में भी भुगतान का विकल्प उपलब्ध है।

रिलायंस लाइफ 20000 एजेंटों की भर्ती करेगी

RELIANCE Life Insurance
Anil Dhirubhai Ambani Group

अहमदाबाद (भाषा)। रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस ने कहा कि कंपनी ने इस वित्त वर्ष में 20,000 एजेंटों की नियुक्ति करेगी। कंपनी के ने कहा, 'हम एजेंसी कंपनी हैं। हमारा दृढ़ मत है कि एजेंट हमारी रीढ़ हैं और हम उनके निवेश करते हैं। हमने इनकी संख्या 20 प्रतिशत तक बढ़ाने की योजना बनाई है जो अभी एक लाख के करीब है।'